गोलालारीय समाज का मुखपत्र

श्री गोलालारीय दिगम्बर जैन समाज न्यास इन्दौर

golalariya.darshan@gmail.com

गोलालारीय दर्शन यहां भी देख सकते है –
www.golalariya.com

मासिक
# गोलालारीय दर्शन

लेट पोस्टिंग

अपनों के साथ अपनी बातें

RNI No. MPHIN/2008/26873
No. MP/ICD/1252/2015-2017 सेवा में,

जो भरा नहीं है भावों से, बहती जिसमें रसधार नहीं । हृदय नहीं वह पत्थर है, जिसको समाज से प्यार नहीं ।

वर्ष : 8 अंक : 5 पृष्ठ संख्या : 12 माह – 15 मार्च 2017 सहयोग राशी – आजीवन सदस्य बनें ।

# यति सम्मेलन युग प्रतिक्रमण महामहोत्सव में शामिल होंगे लगभग 400 साधु व व्रतीजन

## आमंत्रण को नगर नगर पहुंच रही है आयोजन समिति






राजेश जैन, झांसी । आगामी 16 मई से 25 मई 2017 तक जैन तीर्थ करगुवांजी में देश का दूसरा एवं बुंदेलखंड का पहला यति सम्मेलन युग प्रतिक्रमण होने जा रहा है । जिसमें लगभग 450 साधुजन एवं व्रतीजन भाग होंगे । जैन यति सम्मेलन एवं युग प्रतिक्रमण महामहोत्सव में साधु संघों के आगमन की स्वीकृति का सिलसिला निरंतर बढ़ता जा रहा है। महोत्सव समिति के महामंत्री प्रवीणकुमार ने बताया कि महामहोत्सव में गणाचार्य श्री विरागसागरजी, आचार्यश्री विशुद्धसागरजी, आचार्यश्री विभवसागरजी, आचार्यश्री विनिश्चयसागरजी, आर्यिका विदूषी श्री माताजी, मुनिश्री सुप्रभसागरजी, आर्यिका अर्हम श्री माताजी, आर्यिका विविक्त श्री माताजी के ससंघ पधारने का आशीर्वाद प्राप्त हो रहा है । फरवरी के प्रथम सप्ताह में करगुवांजी में यति सम्मेलन महोत्सव के कार्यालय का शुभारंभ समिति कार्याध्यक्ष श्री प्रदीप जैन 'आदित्य' की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । साधुजनों को आमंत्रण हेतु पंचायत अध्यक्ष प्रकाशचन्द्र जैन एड., उपाध्यक्ष डॉ. हीरालाल जैन, महोत्सव समिति के सिं. रिषभ जैन, संजय जैन, कर्नल राजीव अहिंसा, जिनेन्द्र सर्राफ, कुन्दनलाल सतभैया, अशोक जैन, रतन, सचिन जैन, श्रेयांस ककरवाहा, अशोक क्रांतिकारी रिषभ जैन दरगुवां, वरुण जैन, श्रीमती आशा जैन, राखी जैन, प्रभा जैन, संतोष जैन (जल निगम), प्रदीप जैन (विश्व परिवार), विनोद जैन ठेकेदार, निर्मल सिंघई, संजय सिंघई आदि ने भिण्ड, भोपाल, देवेन्द्र नगर, ललितपुर, महरौनी, भगवॉं, शाहगढ़, दिल्ली आदि नगरों में पहुँचकर श्रीफल भेंट किए । महोत्सव समिति के अध्यक्ष प्रदीप जैन आदित्य एवं कार्याध्यक्ष राजीव जैन अध्यक्ष अ.भा. विनिश्चय ग्रुप बनाये गये ।

# समाज की अद्वितीय पहल

शादी विवाह ग्लैमर और चकाचौंध में लाखों रुपये उड़ा देने के लिए भी जाने जाते हैं । जैन समाज की बढ़ती समृद्धि से ये कार्यक्रम और भी खर्चीले होते जा रहे हैं। ऐसे में आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के लिए विवाह समारोह आयोजित करना कठिन से कठिनतर होता जा रहा हैं। इन्दौर जैन समाज की ओर से ऐसे परिवारों की मदद के लिए एक अनुकरणीय पहल की गयी हैं। ऐसे परिवारों से सिर्फ सवा लाख रुपये लेकर शादी का आयोजन किया जावेगा। इसमें 200 लोगों के लिए मैरिज गार्डन, टेंट, भोजन, संगीत,घोडी, बैंड बाजा, फेरे से संबंधित पूरी शादी का खर्च शामिल रहेगा । इसके साथ ही वर वधु को गृहोपयोगी वस्तुएं उपहार स्वरूप भेंट दी जायेगी। निःसंदेह यह बेहद अनुकरणीय और प्रशंसनीय पहल हैं। आर्थिक रूप से अक्षम लोगों के लिए यह बहुत मददगार साबित होगी। इस विवाह के आयोजन के लिए विशेष शर्त है कि यह दिन में ही सम्पन्न होगा, रात्रि विवाह निषेध होगा। इन्दौर मे यह आयोजन महावीर टाइम्स (हेमंत जैन) के बैनर तले ग्रेटर बाबा परिसर में सम्पन्न होगा । इनकी इस असाधारण पहल के लिए गोलालारीय समाज भूरि भूरि प्रशंसा करती हैं। इस सार्थक पहल में सहयोग देते हुए समाज की ओर से बधु पक्ष को 5000/– रुपये की राशि का उपहार देने का प्रस्ताव दिया गया हैं। इसी तरह की पहल कुछ समय पहले उज्जैन के निकट स्थित तमोभूमि में भी की गयी हैं। यहां भी सवा लाख रुपए में विवाह की सारी व्यवस्था की जा रही हैं। महाराष्ट्र में अनेक जैन संगठनों द्वारा यह कार्य काफी समय से किया जा रहा है । इस तरह के आयोजन सभी तीर्थ स्थानों पर होने चाहिए और समाज के कमजोर परिवारों की मदद के लिए समर्थ लोगों को आगे आना चाहिए । इन्दौर जैन सामाजिक संसद के महामंत्री श्री राजकुमार पाटोदी ने एक कदम और आगे बढ़कर घोषणा की कि जो परिवार सवा लाख रुपये की व्यवस्था करने में भी सक्षम न हों उनके लिए समाज व्यवस्था करेगा। यह पहल और भी स्वागत योग्य हैं। **– सहसंपादिका अनुपमा जैन**

**सादगी पूर्ण विवाह सम्पन्न करने की एक सार्थक पहल देखने को मिली जब अजमेर के श्री अभिषेक जैन और सुश्री सोनी जैन द्वारा बगैर दहेज और तामझाम के सोनी जी की नसिया में देव प्रतिमा के समक्ष विवाह किया गया । 108 श्री सुधासागर जी और प्रमाण सागरजी महाराज की प्रेरणा से इस युगल ने यह अद्भुत मिसाल समाज के सामने प्रस्तुत की। इस विवाह में भोजन सादगी पूर्ण सीमित व्यंजन के साथ पंक्ति में बिठाकर परोसा गया। जूठन नही छोड़ने का आव्हान किया गया। अनावश्यक फिजूलखर्ची रोकने के लिए महंगे मैरिज गार्डन, महिला संगीत, रात्रि विवाह आदि का बहिष्कार किया गया।**

**विवाह योग्य युवक युवतियों का परिचय पुस्तिका 'प्रयास' रिश्तों को जोड़ने का... के द्वितीय अंक का प्रकाशन अगस्त 2017 में किया जावेगा । इस पत्रिका के लिए हम क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के माध्यम से जून 2017 से बायोडाटा प्रविष्टि फार्म व अन्य जानकारियां आप तक पहुंचायी जायेगी । प्रविष्टि फार्म सशुल्क जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2017 रहेगी । पुस्तिका का प्रकाशन 31 अगस्त तक कर अंक को आपको पहुंचा दिया जावेगा । हमारा प्रयास है कि दीपावली पश्चात विवाह का आगामी सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ही इस पत्रिका के माध्यम से आप योग्य प्रत्याशियों की जानकारी प्राप्त कर बातचीत की रुपरेखा बना सके । संपर्क सूत्र – 9406744064, 9329524227, 9425903301, 9424013136**

गोलालारीय दर्शन समाज के 4200 परिवारों तक नियमित भेजा जा रहा है । संभव है डाक व्यवस्था या आपका पता सही न होने के कारण पत्रिका आपको व आपके रिश्तेदारों तक पत्रिका नहीं पहुंचती है तो उनका नाम व पता पोस्टकार्ड पर लिखकर पत्रिका कार्यालय पर भेज देवें या 9424013136 पर दोप. 4 से रात्रि 10 तक संपर्क कर सकते है या अपना पोस्टल एड्रेस वाट्सएप्प या एसएमएस पर भेज सकते है ।